इलाहाबाद उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों के रिक्त पद

412. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या विधि और न्याय मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 15 दिसम्बर, 1989 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों के कितने पद रिक्त थे और ये पद कब से रिक्त पड़े हैं तथा इन पदों को अब तक न भरे जाने के क्या कारण हैं ; और

(ख) इन पदों को कब तक भरे जाने की संभावना है ?

इस्पात और खान मंत्री, साथ में विधि और न्याय मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री दिनेश गोस्वामी) : (क) इलाहाबाद उच्च न्यायालय में 15-12-89 को, स्थायी/अपर न्यायाधीशों के 11 पद निम्नलिखित तारीखों से रिक्त हैं:-

15-10-84 }
15-10-84 } (अपर न्यायाधीश)
15-10-84 }
15-10-84 }
07-2-85

05-10-88 }
04-01-89 }
20-04-89 } (स्थायी न्यायाधीश)
24-05-89 }
17-07-89 }
31-10-89 }

(ख) ये रिक्त पद भरने के लिये राज्य प्राधिकारियों से प्रस्ताव भेजने का अनुरोध किया जा रहा है। जैसे ही ये प्रस्ताव प्राप्त होंगे, रिक्त पद भरने के लिये कार्रवाई की जायेगी।

विभिन्न उच्च न्यायलयों में रिक्त पद

413. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या विधि और न्याय मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विभिन्न उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों के कितने-कितने पद रिक्त पड़े हैं और ये पद किस-किस तारीख से रिक्त पड़े हैं ; और

(ख) इन पदों के कब तक भरे जाने संभावना है ?

इस्पात और खान मंत्री, साथ में विधि और न्याय मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री दिनेश गोस्वामी) : (क) अपेक्षित जानकारी देने वाला एक विवरण संलग्न है (नीचे देखिये)

(ख) शीघ्र नियुक्तियां करने के लिये कदम उठाये गये हैं। यह बताना संभव नहीं है कि कब तक सभी रिक्त पद भर दिये जायेंगे।

विवरण

तारीख 20-12-89 को स्थिति

क्र. सं.	उच्च न्यायालय	रिक्त पद		वह तारीख जिससे रिक्त हैं
		स्थायी	अपर	
1	2	3	4	5
1.	इलाहाबाद	6	5	15-10-84 (अ.) 15-10-84 (अ.) 15-10-84 (अ.) 15-10-84 (अ.) 07-02-85 (अ.) 05-12-88 (स्था.)